रमेश पोखरियाल 'निशंक'
Ramesh Pokhriyal 'Nishank'

सत्यमेव जयते

मंत्री
मानव संसाधन विकास
भारत सरकार
MINISTER
HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, दिल्ली "राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज" जैसे सारगर्भित और व्यापक दृष्टिकोण युक्त ध्येय को लेकर सम्पूर्ण भारतवर्ष में एक प्रभावी संगठन के रूप में कार्यरत है। महासंघ जहाँ शिक्षा क्षेत्र के एक सजग प्रहरी के रूप में क्रियाशील है, वहीं दूसरी ओर भारत की गौरवशाली ज्ञान परम्परा एवं उच्च सांस्कृतिक प्रतिमानों को पुनर्स्थापित करने को प्रतिबद्ध है।

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि महासंघ अपना सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 8 से 10 नवम्बर, 2019 को महेसाणा (गुजरात) में आयोजित करने जा रहा है। इस महाकुंभ में देशभर के शिक्षा मनीषी बड़ी संख्या में भाग लेंगे और शिक्षा, समाज और राष्ट्र संबंधी विभिन्न विषयों पर गहन चिंतन मनन होगा।

इस बार राष्ट्रीय अधिवेशन का केंद्रीय विषय 'नारी: भारतीय दृष्टि और भविष्य' रखा गया है। 'या देवी सर्वभूतेषु मातृ / शक्ति रूपेण संस्थिता', भारतीय सांस्कृतिक प्रवाह में जहाँ एक ओर स्त्री का मातृ स्वरूप सर्वोत्कृष्ट प्रतिमान के रूप में प्रतिष्ठित है वहीं दूसरी ओर उसे शक्तिपुंज के रूप में भी स्थापित किया हुआ है।

वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में आए न्यूनाधिक परिवर्तनों को एक समुचित दिशा दिए जाने के उद्देश्य से इस विषय का चुनाव अत्यंत समीचीन एवं प्रशंसनीय है। इस अवसर पर प्रकाशित हो रही स्मारिका निश्चित ही समाज चेतना जागरण में उपयोगी सिद्ध होगी।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के इस राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर मैं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(रमेश पोखरियाल 'निशंक')

सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा।

स्वच्छ भारत

Room No. 3, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 115
Phone : 91-11-23782387, 23782698, Fax : 91-11-23382365
E-mail : minister.hrd@gov.in